आवश्यक सूचना
64वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार एवं सरकार के विभिन्न विभागों से अलग–अलग सेवाओं/संवर्गों के लिए बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 64वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का विज्ञापन दिनांक 02.08.2018 को प्रकाशित किया गया था। उक्त प्रतियोगिता परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि दिनांक 10.09.2018 निर्धारित है।

वैसे सभी अभ्यर्थी जिनके द्वारा 64वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा के निर्धारित तिथि के अंदर अर्थात दिनांक 30.08.2018 तक रजिस्ट्रेशन करते हुए दिनांक 03.09.2018 तक परीक्षा शुल्क का भुगतान किया गया है लेकिन अंतिम रूप से ऑनलाईन आवेदन भरकर सबमिट (Submit) नहीं किया गया है की सूची (रजिस्ट्रेशन नम्बर) आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित किया गया है। उक्त सूची दिनांक 07.09.2018 के सायं 4:00 बजे तक के उपलब्ध डाटा के आधार पर प्रकाशित है। उक्त अभ्यर्थियों को sms के माध्यम से भी ऑनलाईन आवेदन अंतिम रूप से भरे जाने हेतु सूचित किया गया है।

उक्त सूची में वर्णित रजिस्ट्रेशन नम्बर के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 10.09.2018 तक निश्चित रूप से अपना ऑनलाईन आवेदन अंतिम रूप से भरकर सबमिट (Submit) कर लें। सबमिट (Submit) करने के उपरांत पुनः "Login" कर प्रकाशित विज्ञापन में वर्णित निर्देश के आलोक में अभ्यर्थी भरे हुए आवेदन की हार्डकॉपी डाउनलोड कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे।

नोटः–अंतिम रूप से ऑनलाईन आवेदन भरे जाने के उपरांत आवेदक सुनिश्चित हो लेंगे कि उनके **Dashboard** से **"You have not filled up online application for PT."** का Status हट चुका है तथा उनके **Dashboard** पर **"You have already filled-up the Application Form for PT, you can download your filled application from here below."** का Status आ चुका है।

7.9.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग पटना।